Title: Demand of financial assistance to Uttar Pradesh Government for providing relief to hailstorm victims particularly of Uttaranchal, Almora, Champavat, Pithoragarh and Bagehwar.

श्री बची सिंह रावत ठबचदा' (अल्मोड़ा) : माननीय अध्यक्ष महोदय, दि. ७.५.१९९८ को उत्तर प्रदेश के उत्तरांचल विशेष रूप से मेरे संसदीय क्षेत्र अलमोड़ा, चम्पा वत, पिथौरागढ़ और बागेश्वर इन चार जिलों में भीषण अतिवृष्टि और ओलावृष्टि से फलों और फसलों की भारी बरबादी हुई है और खेती की सैकड़ों एकड़ भूमि का कटाव हुआ है। किसानों के पास इस समय न तो उनकी फसल है और मोटर मार्ग और पुल ध्वस्त होने से करीब २० करोड़ रूपये से ज्यादा का नुकसान वहां पर हुआ है। इसलिए मैं आपके माध्यम से केन्द्र सरकार से मांग करना चाहता हूं कि इसमें तात्कालिक राहत के रूप में राज्य सरकार ने जो अपना अंशदान दिया है वह बहुत ही न्यून है और केन्द्र सरकार की ओर से विशेष सहायता के रूप में कम से कम २० करोड़ रुपये ७ मई १९९८ की अतिवृष्टि और ओलावृष्टि से हुए नुकसान के लिए दिया जाए जिससे कि वहां की आम जनता को राहत मिले और जो मोटर मार्ग और पुल बह गये हैं उनका निर्माण कार्य भी हो सके।